नोट ; पारादीप पोर्ट इंप्लॉइज (कंडक्ट) रेगुलेशंस, १९९१ को भारतीय गजट दिनांक ०५-११-१९८९ में जीएसआर सं. ६८२ (ई) के जरिये प्रकाशित किया गया था

पारादीप पोर्ट इंप्लॉइज (जनरल प्रॉविडेंट फंड) रेगुलेशंस, १९९१

भूतल परिवहन मंत्रालय

(पोर्ट्स विंग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, १९ मार्च १९९१

जीएसआर १५० (ई)- मेजर पोर्ट्स ट्रस्ट एक्ट १९६३ (१९६३ का ३८) की धारा १३२ की उपधारा (१) के साथ पठित धारा १२४ की उपधारा (१) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के साथ केंद्र सरकार एतद्द्वारा पारादीप पोर्ट के न्यासी बोर्ड द्वारा तैयार पारादीप पोर्ट इंप्लॉइज (जनरल प्रॉविडेंट फंड) रेगुलेशंस, १९९१ को स्वीकृत करती है और उसे इस अधिसूचना में संलग्न अनुसूची में डालती है।

२ उक्त नियमन आधिकारिक गजब में इसकी अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा।

अनुसूची

पारादीप पोर्ट इंप्लॉइज (जनरल प्रॉविडेंट फंड) रेगुलेशंस, १९९१

मेजर पोर्ट ट्रस्ट एक्ट १९६३ (१९६३ का ३८) की धारा २८ द्वारा प्रदत्त शक्तियों के साथ पारादीप पोर्ट का न्यासी बोर्ड एतद्द्वारा 'पारादीप पोर्ट इंप्लॉइज (जनरल प्रॉविडेंट फंड) रेगुलेशंस, १९९१' नामक नि नलिखित नियमन बनाता है जो उक्त एक्ट की धारा १२४ की उपधारा (१) के अधीन केंद्र सरकार की स्वीकृति के विषयाधीन होगा

१ लघु शीर्षक एवं प्रारंभ :-

ए) इन नियमनों को पारादीप पोर्ट इंप्लॉइज (जनरल प्रॉविडेंट फंड) रेगुलेशंस, १९९१ कहा जाता है।

बी) ये भारतीय गजट में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

२ परिभाषाएं :-

१ इन नियमनों में संदर्भ से इतर आवश्यक होगा -

ए) 'लेखा अधिकारी से आशय है बोर्ड का एफएएंड सीएओ'

पारादीप पोर्ट इंप्लॉइज (जनरल प्रॉविडेंट फंड) रेगुलेशंस, १९९१

बी) 'बोर्ड' और चेयरमैन का वही अर्थ होगा जो उन्हें मेजर पोर्ट्स ट्रस्ट एक्ट, १९६३ में क्रमश: दिया गया है।

सी) वरना विशुद्ध रूप से उपलब्ध 'वेतन-भत्तों' से आशय ऐसा वेतन जो भारत सरकार के मूलभूत निमयों में परिभाषित हैं या बोर्ड द्वारा तयार किए गए रूल्स/रेगुलेशंस में हैं, यदि कोई है तो जो भी अंशदाता पर लागू होात है, अवकाश वेतन, जीविका अनुदान और विदेश सेवा के संदर्भ में प्राप्त वेतन प्रकृति की कोई अदायगी।

डी) 'कर्मचारी' से आशय बोर्ड के कर्मचारी से है।

ई) 'परिवार' से आशय है :-

१ पुरुष अंशदाता के माले में उसकी पत्नी या बीवियां, माता-पित, बच्चे, नाबालिग भाई, अविवाहित बहनें, दिवंगत पुत्र की विधवा और उसके बच्चे तथा जहां अंशदाता के माता-पिता जीवित नहीं हैं, दादा-दादी। बशर्ते यदि अंशदाता यह प्रमाणित कर दे कि उसकी पत्नी कानूनी रूप से अलग रहती है या उसे कानूनन समुदाय से बाहर किया गया है, जिसमें वह मुआवजे की पात्र बनती है तो वह उन मामलों में वह अंशदाता के परिवार की सदस्य नहीं मानी जाएगी जो इन नियमनों से संबंधित हं, जब तक अंशदाता तदनुसार लिखित में लेखा अधिकारी को बताए कि उसका नाम रिकॉर्ड मं बना रहना चाहिए।

२ महिला अंशदाता के ममले में पति, माता-पिता, बच्चे, नाबालिग भाई, गोद ली बहनें, दिवंगत पुत्र की विधवा और उसके बच्चे तथा जहां अंशदाता के माता-पिता जीवित नहीं हैं, दादा-दादी। बशर्ते यदि अंशदाता लेखा अधिकारी को लिखित में सूचना देकर अपने पति को अपने परिवार से निकाल बाहर करने की इच्छा जताए, तो उसका पति इस तरह तब तक उन नियमनों के अधीन उसके परिवार का सदस्य नहीं माना जाएगा जब तक वह दोबारा इस सूचना को लिखित में देकर उसे रद्द नहीं करा देती।

नोट :- 'बच्चा' यानी कानूनी बच्चा और इसमें गोद लिया बच्चा भी शामिल है जिसमें अंशदाता पर लागू गोद लेने का विधान संबंधित कानून स मत है।

२ एक गाद लिया बच्चा पारादीप पोर्ट इंप्लॉइज (जनरल प्रॉविडेंट फंड) रेगुलेशंस, १९९१ के उद्देश्य हेतू जैविक पिता के परिवार में शमिल नहीं होगा जब गोद लेने वाले के संबंधित कानून के तहत गोद लेना कानूनी तौर पर स मत हो जैसा कि जैविक संतान के दर्जे के संदर्भ में होता है।

एफ) 'फार्म' से आशय नियमनों से संबंधित फॉर्म

जी) 'फंड' से आशय पारादीप पोर्ट इंप्लॉइज जनरल प्रॉविडेंट फंड है

एच) 'विभाग प्रमुख' से आशय है केंद्र सरकार द्वारा अधिघोषित प्राधिकारी

आई) 'कार्यालय प्रमुख' से आशय है चेयरमैन द्वारा अधिघोषित प्राधिकारी

जे) 'अवकाश' से आशय है मेजर पोर्ट ट्रस्ट एक्ट १९६३ की धारा २८ के अधीन पारादीप पोर्ट ट्रस्ट द्वारा तैयार सीसीएस (लीव) रूल्स १९७२ या नियमनों के अधीन किसी भी तरह का अवकाश, जा अंशदाता के संदर्भ में लागू होता हो।

के) 'वर्ष' से आशय है वित्तीय वर्ष

एल) प्रॉविडेंट फंड एक्ट, १९२५ (१९२५ का १९) में या केंद्र सरकार के आधारभूत नियमों में या अंशदाता पर लागू कोई अन्य नियमन में परिभाषित किसी भी अन्य तरीके की अभिव्यक्ति जो इन नियमनों में प्रयोग हुई, से वही आशय होगा जो

उन्हें ऐसे अधिनियमों या नियमनों में क्रमश: प्रदत्त हैं।

३ कोष का संविधान :–

१ यह कोष न्यासी बोर्ड द्वारा शासित होगा और इसमें लेनदेन रुपयों में होगा।

४ पात्रता की शर्तं :–

१ एक वर्ष की सेवा के पश्चात सभी अस्थायी कर्मचारी, सभी पुनर्जीविका प्राप्त पेंशनधारक (कांट्रीब्यूटरी प्रॉविडेंट फंड यानी सीपीएफ में प्रवेश के सभी पात्रों से इतर) और सभी स्थायी कर्मचारी इस कोष में अंशदान देंगे।

२ अस्थायी कर्मचारी अपनो एक वर्ष की नियमित सेवा पूरी होने से पूर्व चाहें तो इस कोष में अंशदान दे सकते हैं।

३ सीपीएफ के अंशदाता कर्मचारी जीपीएफ में अंशदान के पात्र नहीं होंगे।

४ कर्मचारी कार्यालय प्रमुख में अपना नामांकन तीन प्रतियों में निर्धारित फॉर्म–२ में दर्ज कराएंगे।

५ कार्यालय प्रमुख हर महीने की १५ तारीख को स्टेटमेंट की नकल लेखा अधिकारी के पास फॉर्म–१ में भरकर तीन प्रतियों में नामांकन प्रपत्रों सहित प्रेषित करेंगे।

६ जीपीएफ नंबर आवंटित करने के बाद लेखा अधिकारी स्टेटमेंट (फॉर्म–१) और नामांकन प्रपत्र की एक प्रति अपने पास रखेगा और फार्म–१ और फॉर्म–२ की अनय प्रतियां कार्यालय प्रमुख को लौटा देगा। उसके बाद फार्म–२ में नामांकन की एक प्रति अंशदाता की सर्विसबुक/सर्विस रोल के पहले पन्ने पर चस्पां करेंगे आर एक दूसरी प्रति पावती सहित अंशदाता को लौटा दी जाएगी।

५ शेष राशि का हस्तांतरण :–

इन नियमनों के आरंभ होने पर जीपीएफ रूल्स १९६० के अधीन गठित जीपीएफ में कर्मचारी के खाते में खड़ी शेष रकम उसी कर्मचारी के लिए इन नियमनों के अधीन गठित कोष के तहत कर्मचारी के खाते में जमा कर दी जाएगी।

६ नामांकन :–

१ इस निधि कोष में प्रवेश करते समय अंशदाता अपनी मृत्यु की स्थिति में इस कोष में जमा रकम हासिल करने का अधिकार एक या अधिक लोगों को दिए जाने हेतू कायालय प्रमुख के जरिये लेखा अधिकारी को भेजेगा, इससे पहले कि वह रकम देय हो या देय होने पर भी अदा न की गई हो।

बशर्ते नामांकन दाखिल करते समय यदि अंशदाता का परिवार है तो वह ऐसा नामांकन किसी सदस्य या किसी पारिवारिक सदस्य के हो पक्ष में नामांकन भर सकता है।

बशर्ते इस कोष में प्रवेश से पूर्व अंशदाता जिस किसी भी अन्य भविष निधि कोष के संदर्भ में नामांकन भर चुका हो व ऐसे अन्य कोष में र ी रकम को इस कोष में हस्तांतरित कर दिया गया है तो उसे केवल इन्हीं नियमनों के तहत नामांकन माना जाएगा जब तक कि वह इन नियमनों के अनुरूप नामांकन नहीं भरता।

२ यदि कोई अंशदाता उपनियमन (१) के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों के नाम नामांकन में भरता है तो वह हर नामांकित व्यक्ति के हिस्से आने वाली राशि या उसका अंश विशेष रूप से उल्लेखित करेगा ताकि कोष में उसके नाम जमा

समूची राशि किसी भी समय हिसाब-किताब हो सके।

३ हर एक नामांकन को इन नियमनों के साथ संबंधित फार्म-२ में दर्ज कराना होगा।

४ अंशदाता चाहे तो लेखा अधिकारी के नाम एक लिखित सूचना भेजकर किसी भी समय नामांकन रद्द कर सकता है। अंशदाता को ऐसी सूचना के साथ या इन नियमनों के प्रावधानों के अनुरूप एक नया नामांकन अलग से भेजना होगा।

५ नामांकन में अंशदाता नि नलिखित बातें दर्ज करा सकता है :-

ए) किसी विशेष नामांकित व्यक्ति के संदर्भ में यदि पहले ही उसकी मृत्यु हो जाए तो उन नामांकित व्यक्ति को प्रदत्त अधिकार उस व्यक्ति या व्यक्तियों को मिल जाएगा जो नामांकन में वर्णित हो सकते हैं, बशर्ते कि वह व्यक्ति या व्यक्तियों को यह अधिकार तभी मिलेगा जब अंशदाता के परिवार में अन्य सदस्यों में से कोई होगा। जब कोई अंशदाता इस क्लॉज के तहत ऐसा अधिकार एक से अधिक व्यक्तियों को देता है तो वह खाते में जमा राशि को इस तरीके से उल्लेखित करेगा कि उनमें से प्रत्योक को कितनी कितनी राशि मिलनी चाहिए ताकि पूरी देय राशि का हिसाब-किताब हो जाए।

बी) कि वहां दर्ज नामांकन किसी संभावित घटना/दुर्घटना होने पर अमान्य हो जाएगा।

बशर्ते कि यदि नामांकन करते समय अंशदाता के परिवार में केवल एक सदस्य हो तो वह नामांकन में यह दर्ज कराएगा कि क्लॉज ए के अधीन अधिकारप्राप्त वैकल्पिक नामांकित व्यक्ति उसके साथ संभावित घटना की सूरत में अमान्य हो जाएगा और तदनंतर उसके परिवार के किसी सदस्य या सदस्यों को वह अधिकार मिल जाएगा।

६ उपनियमन (५) की क्लॉज (ए) के अधीन नामांकन में उस नामांकित व्यक्ति की मृत्यु के तत्काल बाद जिसके लिए वहां यह विशेष प्रावधान किया गया था या ऐसी वजह से घटित संभावना पर, जिसमें उपनियमन ५ की क्लॉज बी के चलते नामांकन अमान्य हो गया हो या उससे संबंधित प्रावधान की सूरत में अंशदाता नामांकन रद्द करने की लिखित सूचना लेखा अधिकारी को भेजेगा, साथ में इस नियमन के प्रावधानों के अनुरूप नया नामांकन भी भेजना होगा।

७ अंशदाता की ओर से किया गया प्रत्येक नामांकन और उसे रद्द करने की प्रत्येक सूचना कि वह मान्य है, को उस तिथि से प्रभावी माना जाएगी जब वह लेख अधिकारी को मिल जाती है।

८ यदि अंशदाता का परिवार नहीं है या कोई और अन्य व्यक्ति नहीं है, नियमनों में परिभाषित उसके पारिवारिक नामांकित को छोड़कर अंतिम कॉलम में नामित नामांकित व्यक्ति के अधिकार उसके परिवार से ही किसी अन्य व्यक्ति के हा जाएंगे।

१० एक अशंदाता अपने सेवाकाल के दौरान किया नामांकन अपनी सेवानिवृत्ति आदि के बाद भी बदल सकता है, वह भी तब तक जब तक अंशदाता के खाते में जमा राशि असल में अदा नहीं कर दी जाती। बशर्ते संशोधित नामांकन के बदलावों और उन्हें संबंधित सामान्य भविष्य निधि नियमनों के प्रावधानों के अनुरूप अधिसूचित नहीं कर दिया जाता।

११ अंशदाता की मृत्यु से बहुत पहले ही कार्यालय प्रमुख में जमा भविषय निधि हेतू नामांकन को मान्य नामांकन के रूप में माना जाना चाहिए। इस तथ्य से इतर कि वह अंशदाता की मृत्यु से पूर्व लेखा अधिकारी के पास नहीं पहुंचा था।

१२. १ अंशदाता की मृत्यु होने पर भले ही नामांकित व्यक्ति भविष्य निधि में जमा राशि प्राप्त करने को अधिकृत हो लेकिन

वह किसी अन्य व्यक्ति को वह राशि प्राप्त करने को अधिकृत नहीं कर सकता।

२ मृत अंशदाता के उत्तराधिकारियों को लागू पर्सनल लॉ के अधीन भविष्य निधि की राशि में से उनका हिस्सा मांगने का अधिकार मांगने की हमेशा खुली छूट मिली रहती है। ऐसे में यदि कोई न्यायालय यह आदेश पारित करे कि राशि का भुगतान नामांकित या नामांकितों को करने से पूर्व उनके अलावा अन्य लोगों को किया जाए तो अदालत के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी, भले ही नामांकन मान्य हो या नहीं।

नोट:- ए) यदि मामला अदालत में विचाराधीन है तो भविष्य निधि कोष की राशि नामांकित व्यक्ति को नहीं दी जानी चाहिए

बी) ऐसे मामलों में जहां अदालती मुकदमा दायर किए जाने की संभावना लगती हो तो संबंधित विभाग प्रमुख मुकदमा दर्ज करने के इच्छुक पक्ष को यह लिखित सूचना भेजेंगे कि पोर्ट ट्रस्ट चुनिंदा दिनों के भीतर भुगतान करने का इच्छुक है।

सी) निचली अदालत द्वारा आदेश पारित होने के बाद चुनिंदा पक्ष उसके फैसले को चुनौती देने का इच्छु हो तो संबंधित विभाग प्रमुख को चाहिए कि वह अदालती लड़ाई हार चुके पक्ष को यह लिखकर भेजे, वह भी पर्याप्त अवधि के भीतर कि यदि वह अदालत से 'स्टे' हासिल नहीं करते तो राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

डी) संबंधित विभाग प्रमुख को उपरोक्त तीनों किस्म के मामलों में कार्रवाई करनी चाहिए जब तक अंतिम भुगतान का आवेदन लेखा अधिकारी तक नहीं पहुंच जाता। आवेदन भेजने के बाद लेखा अधिकारी और संबंधित विभाग प्रमुख दोनों की जि मेदारी बन जाती है और दोनों में से किसी को भी कोई जानकारी मिले तो वह आपस में साझा करें।

७ अंशदाता का खाता

प्रत्येक अंशदाता के नाम पर एक खाता खोला जाएगा जिसमें बताना होगा :-

१ उसका अंशदान

२ अंशदानों पर ब्याज, जो नियमन १२ में उपलब्ध है

३ निधि कोष से अग्रिम और निकासी

४ अग्रिम का निधिकोष से पुनर्भुगतान।

नोट:- अंशदाता को प्रदत्त सामान्य भविष्य निधि कोष खाता सं या को एक रबर स्टांप के जरिये उसकी सर्विस बुक/सर्विस रोल के पहले पन्ने पर ऊपर दायीं ओर दर्ज करना चाहिए।

८ अंशदान की शर्तें :-

१ अंशदान अपनी निलंबन अवधि को छोड़कर मासिक अंशदान निधि कोष में जमा कराएगा।

बशर्ते कि यदि अंशदाता अपनी मर्जी से अवकाश के दौरान अंशदान न करना चाहे, जिसमें या तो अवकाश वेतन नहीं होता या अवकाश वेतन आधे वेतन के बराबर या उससे कम रहता है।

बशर्ते कि निलंबन अवधि पूरी होने के बाद बहाल होने वाले अंशदाता को एकमुश्त या किश्तों में अंशदान के भुगतान का विकल्प उपलब्ध होगा यानी ऐसी कोई भी राशि जो उस अवधि के लिए अधिकतम बकाया अंशदानों से अधिक न हो।

नोट :- किसी अंशदाता को उस अवधि के दौरान अंशदान की जरूरत नहीं जिसमें वैध रूप से कोई कामकाज नहीं हुआ।

२ अंशदाता को उपनियमन (१) के पहले प्रावधान में संदर्भित अवकाश के दौरान अंशदान नहीं करने की सूचना देनी होगी, वह भी नि नलिखित तरीके से –

ए) यदि वह अधिकारी है तो अवकाश पर जाने से पूर्व लेखा अधिकारी को लिखित में बताएगा।

बी) यदि वह अधिकारी नहीं है तो अवकाश पर जाने से पूर्व कार्यालय प्रमुख को लिखित में बताएगा। समय पर सूचित नहीं करने का मतलब होगा कि अंशदाता ने अंशदान का विकल्प चुना है। अंशदाता का इस उपनियमन के तहत सूचना का विकल्प अंतिम होगा।

३ नियमन–२० के अधीन निधि कोष में उसके नाम पर दर्ज निधि कोष में जमा राशि यदि कोई अंशदाता निकालता है तो ऐसी निकासी के उपरांत वह तब तक अंशदान नहीं करेगा जब तक कि वह काम पर लौट नहीं आता।

४ उपनियमन (१) में वर्णित किसी भी पहलू से इतर, एक अंशदाता उस महीने के लिए निधिकोष में अंशदान नहीं देगा जिसमें उसने नौकरी छोडी हुई है, बशर्ते ऐसा उक्त महीना शुरू होने से पहले हो, वह उस महीने के लिए अंशदान का विकल्प लिखित में कार्यालय प्रमुख को भेजेगा।

५ सेवानिवृत्ति के समीप कर्मचारी को जीपीएफ में अंशदान करने से छूट होगीञ उसकी सेवा के अंतिम तीन महीनों के दौरान अंशदान बंद कर देना अनिवार्य होगा और यह वैकल्पिक नहीं होगा।

६ कोई कर्मचारी यदि चाहे तो अपने बोनस की पूरी रकम या उसका हिस्सा अंतरिम राहत आदि अपन खते में जमा कर सकता है।

९ अंशदान की दरें :–

१ अंशदान की राशि अंशदाता द्वारा स्वयं निर्धारित होगी जो नि नलिखित शर्तों के विषयाधीन होगी, नामत:

ए) इसे पूर्ण रुपए में अभिव्यक्त करना होगा

बी) यह राशि कितनी भी हो सकती है, जो उसके वेतन के ६ फीसदी से कम नहीं होनी चाहिए और कुल वेतन से अधिक नहीं।

सी) जब कोई कर्मचारी न्यूनतम ६ फीसदी की दर पर अंशदान का विकल्प चुनता है तो एक रुपए के खंड को निकटवर्ती पूरे रुपए के समीपवर्ती रूप में माना जाएगा, ५० पैसे को अलग रुपए में गिना जाएगा।

२ उपनियमन (१) के उद्देश्य के लिए अंशदाता के वेतन में शामिल होगा :–

ए) ऐसा अंशदाता जो विगत वर्ष ३१ मार्च तक बोर्ड की सेवा में बना रहा तो वह सभी वेतन जिनका वह उस तिथि पर पात्र था, बशर्ते कि –

१ यदि अंशदाता उक्त तिथि को अवकाश पर था और उसने उस दौरान अंशदान नहीं करने का विकल्प चुना या उस तिथि पर वह निलंबित रहा था तो उसके वेतन वह होंगे जिनके लिए वह अपने कामकाज पर लौटने के बाद पहले दिन पर पात्र बना था।

२ यदि अंशदाता उस तिथि पर भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति पर था या उस तिथि पर अवकाश पर था और निरंतर छुट्टी पर

बना रहा तथा उस दौरान उसने अंशदान का विकल्प चुना तो उसके वेतन-भत्ते वही होंगे जो उसके भारत में उपस्थित रहने के दौरान बनते।

बो) ऐसे अंशदाता के मामले में जसे अगले वर्ष की ३१ मार्च को बोर्ड की सेवा में रहा तो उसके वेतन वही होंगे जिनका वह निधि कोष में प्रवेश की तिथि पर पात्र था।

३ अंशदाता प्रत्येक वर्ष नि नलिखित तरीके से अपने मासिक अंशदान की राशि तय करने की सूचना देगा।

ए) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष की ३१ तारीख को ड्यूटी पर था तो उस कटौती के रूप में उस महीने के वेतन बिल से इस दिशा में भुगतान करे।

बी) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष की ३१ मार्च को अवकाश पर था और उसने उस अवधि के दौरान अंशदान नहीं करने का विकल्प चुना या वह उस तिथि पर निलंबित था तो उस कटौती के रूप में, जो वह अपने काम पर लौटने के बाद पहले वेतन बिल से भुगतान करता है।

सी) यदि उसने वर्ष के दौरान पहली बार बोर्ड की सेवा में प्रवेश किया है तो उस कटौती के रूप में जो उसने निधि कोष में प्रवेश करने के दौरान उस महीने के वेतन बिल से भुगतान करने से किया।

डी) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष के ३१ मार्च को अवकाश पर था और अवकाश पर ही बना रहा और उसने उस दौरान अंशदान का विकल्प चुना तो कटौती के रूप में उस महीने के वेतन बिल से किया गया भुगतान होगा।

ई) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष की ३१ मार्च को विदेश सेवा में कार्यरत था तो उस राशि के रूप में जो उसके द्वारा चालू वर्ष के अप्रैल के लिए अंशदान के रूप में बोर्ड के खाते में जमा कराई।

४ इस तरह निर्धारित अंशदान की राशि हो सकती है :-

ए) वर्ष के दौरान किसी भी समय एक बार घटाई गई

बी) वर्ष के दौरान दो बार बढ़ाई गई या

सी) उपरोक्त तरीके से बढ़ाई या घटाई गई।

बशर्ते कि जब अंशदान की राशि इस तरह घटाई जाती है तो वह उपनियमन (१) में वर्णित न्यूनतम राशि से कम नहीं होगी।

बशर्ते यह भी कि यदि कोई अंशदाता बिना वेतन अवकाश पर है या किसी महीने के एक हिस्से के लिए आधे वेतन के अवकाश पर है और उसने उस दौरान अंशदान नहीं करने का विकल्प चुना है तो देय अंशदान की राशि उपरोक्त संदर्भित राशियों के अलावा अवकाश सहित, यदि है तो, उसके कामकाज पर बिताए दिनों की सं या की औसत में होगी।

१० विदेश सेवा पर स्थानांतरण या विदेश में प्रतिनियुक्ति

जब कोई अंशदाता विदेश सेवा पर स्थानांतरित होता है या विदेश में प्रतिनियुक्ति पर जाता है तो वह उसी तरीके से अंशदान करेगा जैसा कि वह स्थानांतरित या प्रतिनियक्ति पर नहीं गया था।

११ अंशदान की प्राप्ति

१ जब वेतन भारत में आहरित होते हैं तो उन वेतनों पर अंशदान की प्राप्ति और अग्रिम राशि का मूल और ब्याज उन्हीं वेतनों से वसूला जाएगा।

२ यदि वेतन किसी अन्य स्रोत से आहरित हैं तो अंशदाता अपना मासिक बकाया लेखा अधिकारी को प्रेषित करेगा –

बशर्ते यदि कोई अंशदाता सरकार से स्वामित्व वाली या नियंत्रण वाली किसी कॉर्पोरेट इकाई में प्रतिनियुक्ति पर है ता अंशदान उसी इकाई द्वारा वसूला जाएगा और लेखा अधिकारी को भेज दिया जाएगा।

३ यदि कोई अंशदाता निधि कोष में प्रवेश की तारीख से प्रभावी अंशदान जमा करने में असफल रहता है या नियम–८ में उपलब्ध प्रावधान के अलावा एक वर्ष के दौरान किसी महीने या महीनों में दोषी रहता है तो अंशदानों के निधि कोष मं बकाया की कुल राशि नियमन १२ में उपलब्ध ब्याज दर के साथ अंशदाता द्वारा निधि कोष में जमा कराई जानी होगी या दोषो रहने पर लेखा अधिकारी के आदेश पर अंशदाता के वेतनों से किश्तों में या अन्य तरीकों से कटौती के रूप में वसूली जाएगी, जैसा कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा अग्रिम की अनुमति के निर्देश दिए गए हों जिसके लिए नियमन–१३ के उपनियमन–२ के अधीन आते आवश्यक कारणों सहित होंगे।

बशर्ते कि निधि कोष में जिन अंशदाताओं की जमा राशि पर कोई ब्याज नहीं होता उन्हें कोई ब्याज भुगतान की आवश्यकता भी नहीं।

बशर्ते कि इस नियमन के उपनियमन २ में प्रदत्त प्रावधान के अनुरूप कोई राशि जमा कराई जाती है तो वह राशि उस महीने की पहली तारीख मानी जाएगी। यदि वह उस महीने की १५ तारीख से पूर्व लेखा अधिकारी द्वारा प्राप्त की गई है।

१२ ब्याज :–

१ इस नियमन के उपनियमन–५ के प्रावधानों के विषयाधीन, बोर्ड अंशदाता के खाते में ब्याज उस दर से जमा कराएगा जो बोर्ड द्वारा समय–समय पर निर्धारित गणना के तरीके से प्रत्येक वर्ष के लिए निर्धारित की गई हो।

बशर्ते कि यदि एक वर्ष के लिए निर्धारित ब्याज दर ४ फीसदी से कम है तो सभी अंशदाता पूर्ववर्ती वर्ष में निधि कोष में जमा ब्याज दर से होगी जिसके लिए पहली बार निर्धारित ४ फीसदी से कम दर को ४ फीसदी ब्याज दर के रूप में अनुमति होगी।

बशर्ते कि यदि कोई अंशदाता केंद्र सरकार के किसी अन्य भविष्य निधि कोष में पहले अंशदान करता आ रहा था और उसके अंशदान पर आहरित ब्याज सहित नियमन २३ के अधीन उसके निधि कोष के खाते में हस्तांतरित कर दिए गए हैं तो उन पर भी ४ फीसदी ब्याज दर की अनुमति होगी यदि वह इस नियमन के पहले प्रावधानों की ही तरह ऐसे अन्य भविष्य निधि प्रावधान के तहत ब्याज दर प्राप्त कर रहा है।

२ प्रत्येक वर्ष के अंतिम दिन से प्रभावी ब्याज की राशि नि नलिखित तरीके से जमा होगी –

१ पूर्वर्ती वर्ष के अंतिम दिन पर अंशदाता के खाते में जमा राशि, १२ महीनों के लिए चालू वर्ष के दौरान निकाली गई किसी भी राशि पर ब्याज

२ चालू वर्ष के शुरू से लेकर निकासी के पूर्ववर्ती महीने के अंतिम दिन तक चालू वर्ष के दौरान निकाली गई राशि।

३ पूर्ववर्ती वर्ष के अंतिम दिन के बाद चालू वर्ष के अंत तक जमा कराई गई कुल राशि की तिथि से ब्याज

४ ब्याज की कुल राशि पूर्ण रुपए के समीपवर्ती अंक तक आंकी जाएगी (५० पैसे की गणना अगले रुपए के रूप में होगी)

बशर्ते कि जब अंशदाता के खाते में जमा राशि जो देय हो गई है तो उस पर ब्याज इस नियमन के अधीन केवल चालू वर्ष के शुरू की अवधि के ही दौरान जमा कराया जाएगा या जमा कराए जाने की तिथि से होगा, मामला जैसा भी हो, यानी उस तारीख तक जिसमें अंशदाता के खाते में जमा राशि देय हो जाए।

३ इस नियमन में वेतन भत्तों से वसूलियों के मामले में जमा करने की तिथि महीने की पहली तारीख मानी जाएगी जिसमें वह वसूली हुई और अंशदाता द्वारा प्रेषित राशियों के मामले में यह तिथि महीने की पहली तिथि मानी जाएगी, यदि वह उस महीने की ५वीं तिथि पर या उसके बाद अगले महीने की पहली तिथि तक प्राप्त हुई हो।

बशर्ते किसी अंशदाता के वेतन या अवकाश वेतन और भत्तों की निकासी में विलंब हुआ है और तदनुसार निधि कोष में अंशदान की वसूली और उन पर देय ब्याज उसी महीने से देय होगा, जिसमें नियमनों के तहत अंशदाता का वेतन या अवकाश वेतन देय था, फिर भले ही असल में वेतन किसी भी महीने में क्यों न निकाला गया हो।

बशर्ते कि नियमन ११ के उपनियमन २ के प्रावधानों के अनुरूप यदि कोई राशि प्रेषित हुई है तो जमा करने की तिथि उस महीने की पहली तारीख मानी जाएगी। यदि वह उस महीने की १५ तारीख से पहले लेखा अधिकारी द्वारा प्राप्त की गई है।

बशर्ते की जहां किसी महीने का वेतन उस महीने के अंतिम कार्यदिवस पर निकाला गया और बांटा गया तो उसके अंशदानों की वसूली के मामले में राशि जमा करने की तिथि अगले महीने की पहले तिथि मानी जाएगी।

४ नियमन १९, २० और २१ के अधीन अदा की जाने वाली किसी भी राशि के अलावा अगले महीने के अंत तक जिसमें भुगतान किया गया, उस पर अपेक्षित ब्याज जिसमें वह राशि उस महीने से छठे महीने के अंत तक देय हुई यानी इन अवधियों में से जो भी कम हो वह राशि उस व्यक्ति को देय होगी, जिसे दी जानी है।

बशर्ते कि जहां लेखा अधिकारी ने उसके एजेंट के लिए उस व्यक्ति को सूचित कर दिया है कि जिस तिथि पर वह नकद भुगतान को तैयार है या उस व्यक्ति को भुगतान का चैक प्रेषित कर दिया है तो उस पर ब्याज केवल उस तिथि से अगले महीने के अंत तक ही देय होगा जो सूचित की गई या जिस दिन चैक प्रेषित किया गया यानी जैसी भी परिस्थिति हो।

बशर्ते कि जहां कोई अंशदाता किसी कॉर्पोरेट इकाई, सरकार के स्वामित्व वाली या नियंत्रित या स्वायत्त संस्था, सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट १८६० (१८६० का २१) के अधीन पंजीकृत संगठन में प्रतिनियुक्त है, उसे उस कॉर्पोरेट इकाई या संगठन में तदनंतर समाहित किया जाएगा, अंशदाता के निधि संचयन पर . . . . को देय ब्याज के आकलन के उद्देश्य हेतू पूर्वव्यापी तिथि से प्रभावी होगा, समाहित किए जाने संबंधी आदेश जारी किए जाने की तिथि वही मानी जाएगी जिस पर अंशदाता के खाते में जमा कराने हेतू देय थी, बशर्ते कि वह राशि समाहित किए जाने की तिथि से शुरू होकर संबंधित आदेश जारी होने की तारीख के अंत तक अवधि के बीच वसूली गई राशि केवल निधि कोष का अंशदान मानी जाएगी या इस

उननियमन के अधीन ब्याज भुगतान के उद्देश्य से।

नोट :- निधि कोष शेष रकम पर ब्याज का भुगतान छह महीने की अवधि से लेकर एक साल से अधिक होने पर लेखा अधिकारी द्वारा स्वयं इस बात पर संतुष्ट हो जाने के बाद अधिकृत किया जा सकता है कि भुगतान मं विलंब अंशदाता या उस व्यक्ति जिसे भुगतान किया जाना था, के परिस्थितिवश जो उनके नियंत्रण से बाहर थीं, की वजह से हुआ और ऐसे प्रत्येक मामले में प्रशासकीय विलंब को पूरी तरह जांचा-परखा जाएगा और देखा जाएगा कि वहां अपेक्षित कार्यवाही हई।

५ अंशदाता के खाते में ब्याज जमा नहीं किया जाएगा, यदि वह लेखा अधिकारी को सूचित कर दे कि वह यह प्राप्त नहीं करना चाहता, लेकिन यदि वह तदनंतर ब्याज के लिए कहता है तो वह उस साल के पहले दिन से ही प्रभावी ब्याज जमा कर दिया जाएगा जिसमें उसने ऐसा करने को कहा था।

६ राशियों पर जो ब्याज नियमन ११ के उपनियमन ३, नियमन १९ या नियमन २० के अधीन निधि कोष में अंशदाता के खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था, का आकलन उस दर पर होगा जो इस नियमन के उपनियमन १ के अधीन क्रमश: वर्णित हो सकते हैं और यथासंभव उन तौरतरीकों के साथ जो नियमनों में प्रदत्त हैं।

७ कंप्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया द्वारा अधिसूचित प्रतिवर्ष फीसदी ब्याज दरों को इन नियमनों के अधीन ब्याज का आकलन करने हेत् अपनाया जाएगा।

८ जब अंशदाता किसी महीने की अंतिम तिथि पर सेवानिवृत्त होता है, नियमन १२ (४) आईबीआईडी के उद्देश्य हेतू छह महीने की अवधि की गणना उसके तत्काल अगले महीने को छोड़कर की जानी चाहिए यानी जब कोई अंशदाता ३१ मई को सेवानिवृत्त होता है तो छह महीने की अवधि की गणना जुलाई से दिसंबर तक होनी चाहिए।

९ जब किसी अंशदाता की मृत्यु सेवानिवृत्ति होने से पूर्व किसी महीने की अंतिम तिथि पर दोपहर से पूर्व हो जाती है तो नियमन १२ (४) आईबीआईडी के उद्देश्य हेतू छमाही अवधिकी गणना उसकी मृत्यु वाले महीने के बाद दूसरे महीने से की जाएगी।

१३ निधि कोष से अग्रिम

किसी अंशदाता को पूर्ण रुपए की राशि को अग्रिम भुगतान स्वीकृत करने वाला उचित प्राधिकारी, जो तीन महीने के वेतन की राशि से अधिक न हो या निधि कोष में उसके खाते की जमा राशि से आधा हो, यानी जो भी कम हो, को नि नलिखित किसी एक या अधिक कारणों से स्वीकृत कर सकता है।

ए) उसकी बीमारी, सजा/प्रसूति/या जहां आवश्यक हो, उसके सहित विकलांगता, अंशदाता और उसके परिजनों का यात्रा खर्च या असल में उस पर निर्भर लोगों का यात्रा खर्च का भुगतान करने के संबंध में -

बी) उच्च शिक्षा, जहां आवश्यक हो अंशदाता और उसके परिजनों या असल में उस पर निर्भर किसी भी व्यक्ति के यात्रा खर्च की आपूर्ति करना, जिनमें नि नलिखित शामिल हैं - नामत:

१ हाई स्कूल से आगे भारत से बाहर शिक्षादीक्षा, तकनीकी पेशेवराना या वोकेशनल कोर्स की शिक्षा हेतू

२ हाई स्कूल से आगे भारत में किसी भी किस्म की मेडिकल, इंजीनियरिंग या अन्य तकनीकी या विशेष कोर्स की पढ़ाई

हेतू, बशर्ते कि वह कोर्स तीन वर्ष से कम अवधि का न हो।

सी) अंशदाता के स्तर के वेतनमान के अनुरूप अनिवार्य खर्चों के भुगतान हेतू जिनमें अंशदाता को सगाई या शादी-ब्याह, शव यात्राओं या अन्य समारोहों के संदर्भ में निभाई जाने वाली सामाजिक परंपराओं के निर्वहन पर होने वाले खर्च की भरपाई।

डी) अंशदाता द्वारा या उसके खिलाफ शुरू की गई कानूनी प्रक्रियाओं का खर्च वहन करने हेतू, उसके परिवार का कोई सदस्रू या असल में उस पर निर्भर कोई व्यक्ति, ऐसे मामले में अग्रिम राशि इसी उद्देश्य के साथ किसी अन्य सरकारी स्रोत से प्राप्त की गई अग्रिम राशि के अतिरिक्त उपलब्ध होगी।

ई) उसके द्वारा किसी भी कथित आधिकारिक दुर्व्यवहार के संदर्भ में जारी जांच के दौरान अपने बचाव में किसी कानूनविद् की सेवाएं लेने हेतू अंशदाता के खर्च का वहन करने हेतू।

एफ) अपने आवासन हेतू कोई भूखंड/या मकान या लैट का खर्च वहन करने हेतू या राजकीय विकास प्राधिकरणों या प्रदेश आवासन बोर्डों या को-ऑपरेटिव एक्ट के अधीन आती उचित सहकारी समितियों द्वारा आवंटित भूखंड और/या मकान के आवंटन की दिशा में किए गए भुगतान हेतू।

१. ए) विशेष परिस्थितयों में चेयरमैन चाहें तो किसी अंशदाता को अग्रिम के भुगतान की स्वीकृति दे सकते हैं, यदि बह इस बात से संतुष्ट हों कि संबंधित अंशदाता को उपनियम (१) में वर्णित कारणों से इतह अग्रिम की आवश्यकता है।

२) लिखित में दर्ज किये जाने वाले विशेष कारणों को छोड़ कर किसी अंशदाता को अग्रिम उप-नियमन (१) में प्रदत्त सीमा से अधिक स्वीकृत नहीं होगा या तब तक नहीं जब तक किसी पूर्व अग्रिम की अंतिम किश्त का पुनर्भुगतान नहीं. कर दिया जाता

३) जब किसी पूर्ववर्ती अग्रिम की अंतिम किश्त के पुनर्भुगतान की पूर्ति से पूर्व उपनियम दो के अधीन कोई अग्रिम स्वीकृत होता है तो पूर्व अग्रिम का बकाया उस स्वीकृत अग्रिम में जोड़ा जाएगा और किश्त की बहाली सकल राशि के साथ जोड़ दी जाएगी।

नोट :- १ इस नियमन के अधीन कोई अग्रिम नि न लिखित उद्देश्य के लिये भी स्वीकृत हो सकता है।

ए) ऐसे व्यक्ति के पहले वार्षिक श्राद्ध के आयोजन हेतु जो अपनी मृत्यु से पूर्व अंशदाता के परिवार का सदस्य था या उसपर निर्भर था।

बी) अंशदाता या उसके बेटों या उसकी बेटियों या वास्तविकता में उस पर निर्भर महिला सगे संबंधि की सगाई / विवाह हेतु।

सी) कार / मोटरसाईकल / स्कूटर / मोपेड की खरीद हेतु।

२) इस ''वेतन'' में मंहगाई भत्ता शामिल है जहां लागू हो।

३) उचित स्वीकृति प्राधिकारी बह अधिकारी होगा जिसे चेयरमैन द्वारा अधिकृत किया गया होगा।

४) एक अंशदाता को नियमन १३ के उपनियमन (१) से मद (बी) के अधीन हर छः महीने में एक बार अग्रिम प्राप्त

करने की अनुमति होगी।

५) नियमन १३ के उपनियमन (१) में मद (बी) के उद्देश्य हेतु तकनीकी विशेषज्ञता के रूप में जो कोर्स पढ़ाई के लिये होंगे वे नि नलिखित होंगे –

ए) मान्यताप्राप्त तकनीकी संस्थानों द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग एवं

टैक्नोलॉजी के विभिन्न फील्ड्स में डिप्लोमा कोर्स उदाहरणतय: सिविल इंजीनियरिंग, मकैनीकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, टेलेकॉ यूनीकेशन, रेडियों इंजीनियरिंग, मैटालर्जी ऑटोमोबाईल इंजीनियरिंग, टैक्सटाईल टैक्नोलॉजी, लैदर टैक्नोलॉजी, प्रिंटिग टैक्नोलॉजी, कैमीकल टैक्नोलॉजी इत्यादि।

बी) मान्यताप्राप्त तकनीकी विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग एवं टैक्नोलॉजी के विभिन्न फील्ड्स में डिग्री कोर्स

उदाहरणतय: सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, टेले–इलैक्ट्रीकल कॉ यूनीकेशन इंजीनियरिंग एवं इलैक्ट्रोनिक्स, माईनिंग इंजीनियरिंग, मैटालर्जी, ऐरोनोटीकल इंजीनियरिंग, कैमीकल इंजीनियरिंग, टैक्सटाईल टैक्नोलॉजी, लैदर टैक्नोलॉजी, फारमेसी, सिरामिक इत्यादि ।

सी) मान्यताप्राप्त संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग एवं टैक्नोलॉजी के विभिन्न फील्ड्स में पोस्ट ग्रेजुऐट कोर्सिज़।

डी) मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित आर्कीटैक्चर, टाऊन प्लानिंग एवं संबंधित फील्ड्स में डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स ।

ई) मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित डिप्लोमा एंड सर्टीफिकेट कोर्स इन कॉमर्स ।

एफ) मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित डिप्लोमा कोर्स इन मैनेजमेंट।

जी) मान्यताप्राप्त संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित आर्कीटैक्चर, वैटर्नरी साईंस एवं संबंधित विषयों में डिग्री कोर्स।

एच) जूनियर टैक्नीकल स्कूल द्वारा आयोजित कोर्सिज़।

आई) श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित कोर्सिज़। (डी. जी. ई. एवं टी.)

जे) मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित आर्ट / एप्लाईड आर्ट एवं संबंधित विषयों में डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्सिज़।

के) मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा ड्रा ट्समैनशिप कोर्सिज़।

एल) मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित मैडिकल कोर्सिज़ (एलोपैथिक, होमोपैथिक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सिस्टम सहित)।

एम) बी.एससी (होम साईंस) कोर्स

एन) मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा कोर्स।

ओ) डिग्री एंड पोस्ट ग्रैजुऐट कोर्सिज़ इन होम साईंस।

पी) प्री-प्रोफैशनल कोर्स इन मैडिसिन, यदि मैडिसिन में नियमित ५ वर्ष कोर्स का भाग है।

क्यू) पीएच.डी इन बायो कैमिस्ट्री।

आर) फिज़िकल ऐजूकेशन में बेचलर एवं मास्टर डिग्री कोर्सिज़।

एस) डिग्री एंड पोस्ट ग्रेजुऐट कोर्स इन लॉ।

टी) ''ऑनर्स'' कोर्स इन माईक्रोबायोलॉजी।

यू) एसोसिएटशिप ऑफ द इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टेड अकाऊंटैंट।

वी) एसोसिएटशिप ऑफ द इंस्टीच्यूट ऑफ कोस्ट एंड वर्क्स अकाऊटैंट ।

डब्ल्यू) डिग्री एंड मास्टर कोर्स इन बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन या मैनेजमेंट के साथ डिग्री पोस्ट- ग्रैजुऐट डिप्लोमा कोर्स इन लेबर/सोशल वेलफेयल पर्सनल मैनेजमेंट एवं या इंडस्ट्रीयल रिलेशन।

एक्स)डिप्लोमा कोर्स इन होटल मैनेजमेंट

वाई) एम. एससी कोर्स इन स्टैटिक्स

जेड) मास्टर ऑफ ऐजूकेशन एवं बैचलर ऐजूकेशन

एए) द क पनी सैकरेटरीशिप कोर्स ऑफ द् इंस्टीच्यूट ऑफ कपनी सेकरेटरी ऑफ इंडिया।

एबी) द कोर्स ऑफ प्री-सी ट्रेनिंग इ पार्टेड ऑन द ट्रेनिंगशिप ''राजेन्द्रा'' टू प्रोस्पैक्टिव नेवीगेटिंग ऑफीसर्ज़ ऑन मर्कैंटशिप्स।

एसी) डायरैक्टोरेट ऑफ मैरिन इंजीनियरिंग ट्रेनिंग में आयोजित मैरिन इजीनियरिंग में कोर्स।

एडी) नैशनल डिफैंस अकैडमी, खड़कवासला, मे दाखिले हेतु प्रारंभिक प्रभारों का भुगतान भी अग्रिमों एवं अंतिम निकासियों के लिये पात्र होगा।

६) अंशदाता को अग्रिम / अंतिम निकासी की चेयरमैन द्वारा स्वीकृति में छूट का नियम नि नलिखित है:-

१- नियमन१३ के अधीन वर्णित उद्देश्यों से इतर उद्देश्यों के लिये अग्रिम जीपीएफ अंशदाताओं के खाते में कुल जमा शेष राशि की ९० फीसदी सीमा तक।

२- अंशदाता के खाते में जमा कुल शेष राशि की ९० फीसदी राशि की निकासी जो इस संदर्भ में नियमन १६ और १७ के अधीन वर्णित शर्तों के विषयाधीन होगी।

१४) अग्रिम की वसूली:-

१) अंशदाता से अग्रिम की वसूली स्वीकृत अधिकारी द्वारा निर्देशित बराबर मासिक किश्तों की सं या में वसूली जाएगी जो अंशदाता द्वारा चयन किये जाने के अलावा १२ से कम नहीं होगी और २४ से ज्यादा नहीं होगी। विशेष मामले में जहां नियमन १३ के उपनियमन (२) के अधीन अग्रिम की रीशि अंशदाता के तीन महीन के वेतन से ज्यादा हो तो स्वीकृति प्राधिकारी ऐसी किश्तों की सं या २४ से ज्यादा निर्धरित कर सकता है। लेकिन वह किसी भी मामले में ३६ से ज्यादा नहीं होगी। यदि अंशदाता चाहे तो`क महीने में एक से ज्यादा किश्त अदा कर सकता है। हर किश्त की राशि पूर्ण रूपये में होगी,

बढ़ाये जाने वाली या घटाये जाने वाली अग्रिम की राशि, यदि आवश्यक हो तो ऐसी किश्तों के निर्धारण में ऐसा करना होगा।

२) अग्रिम की वसूली अंशदानों की प्राप्ति हेतु नियमन ११ में वर्णित तरीके से होगी। और वह उस महोने के आगले महीने का वेतन जारी होने के साथ शुरू होगी जिस में अग्रिम राशि निकाली गई। गुजारा भत्ता अनुदान की पावती या किसी महीने में कुछ दिनों अथवा ज्यादा दिनों पर अवकाश की सूरत में जिन के लिये कोई अवकाश वेतन नहीं दिया जाता या उसके लिये आधे वेतन से कम या आधे औसत वेतन के बराबर अवकाश वेतन मिलता है। अर्थात मामला जैसा भी हो वहां कोई भी वसूली अंशदाता की सहमति के बिना नहीं होगी। अंशदाता को अग्रिम प्रदत्त वेतन की वसूली के दौरान उसके लिखित आग्रह पर स्वीकृति प्राधिकारी द्वारा वसूली को स्थगित किया जा सकता है।

३) यदि किसी अंशदाता को अग्रिम प्रदान किया गया हो और उस के द्वारा निकासी कर ली गई हो, लेकिन तदनन्तर पुनर्भुगतान पूरा होने से पहले ही अग्रिम को अस्वीकार कर दिया गया हो, तो पूरी अग्रिम राशि या निकाली गई राशि का शेष, अंशदाता द्वारा निधि कोष को तत्काल लौटाना होगा या ऐसा नहीं कर पाने की सूरत में लेखा अधिकारी इस बात के आदेश देंगे कि वह राशि अंशदाता के वेतन भत्तों से एक मुश्त या मासिक किश्तों में काट ली जाए जो स्वीकृति प्राधिकारी द्वारा अग्रिम की स्वीकृति द्वारा निर्देशित होगा और जिसके लिये नियमन १३ के उपनिमन (२) के अधीन विशेष कारणों का उल्लेख आवश्यक होगा।

बशर्ते कि ऐसे अग्रिम को अस्वीकार करने से पूर्व अंशदाता को स्वीकृति प्राधिकारी के समक्ष लिखित मेंअपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा और इस पत्राचार की पावती के १५ दिनों के भीतर बताना होगा कि पुनर्भुगतान प्रभावी क्यों नहीं हुआ , और यदि अंशदाता द्वारा १५ दिनों की अवधि के भीतर रखा गया तर्क फैसले के लिये चेयरमैन के पास भेजा जाएगा और यदि उसके द्वारा उक्त अवधि के भीतर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता तो अग्रिम का पुनर्भुगतान इस उपनियमन में वर्णित ढ़ंग से कर लिया जाएगा।

४) इस नियमन के अधीन की गई वसूलियों को निधि केष में अंशदाता के खाते में जमा कर दिया जाएगा।

१५) अग्रिम का अनुचित इस्तेमाल :-

इन नियमनों में प्रदत्त पहलुओं से इतर यदि स्वीकृति प्राधिकारी को इस बात का संदेह हो कि नियमन १३ के अधीन निधि कोष से बतौर अग्रिम निकाली गई राशि का इस्तेमाल स्वीकृत कारणों की बजाय किसी अन्य उद्देश्य में खर्च किया गया है तो वह अंशदाता को अपने संदेह का कारण बतायेंगे और उसे लिखित में स्पष्टीकरण देने को कहेंगे। जिसके बाद ऐस पत्राचार के १५ दिनों के भीतर उसे बताना होगा कि

अग्रिम कहां खर्च हुआ। यदि अंशदाता के स्पष्टीकरण से स्वीकृति अधिकारी संतुष्ट ना हो तो वह अंशदाता को संबंधित राशि का तत्काल पुनर्भुगतान करने के आदेश देंगे। ऐसा न करने पर अंशदाता के वेतन से एक मुश्त राशि काट कर वसूली के आदेश दिये जाएंगे, फिर चाहे अंशदाता अवकाश पर ही क्यों न हो। यदि पुनर्भुगतान की कुल रह्वाशि अंशदाता के वेतन भत्तों से आधी से ज्यादा हो तो वसूलियां उस के वेतन से मासिक किश्तों में तब तक काटी जाती रहेंगी जब तक पूरी राशि का भूगतान नहीं कर दिया जाता।

नोट :- नियमन में ''वेतन'' भत्तों में गुजारा भत्ता शामिल नहीं होगा।

१६) निधि कोष से निकासी :-

१. शर्तों के विषयाधीन, नियमन १३ के उपनियमन (२) के अधीन विशेष कारणों के लिये अग्रिम स्वीकृत करने वाले सक्षम प्राधिकारियों द्वारा किसी भी समय निकासी की स्वीकृति दी जा सकती है।

ए) अंशदाता के सेवा काल में २४ वर्ष पूरे हो जाने के बाद, जिसमें सेवाकाल की खंड अवधियां भी शामिल होंगी, यदि हैं तो, या उसकी सेवा निवृति की तिथि से १० वर्षों की भीतर, जो भी पहले हो, तो नि नलिखित एक या अधिक उद्देश्य के लिये निधि कोष में उसके खाते मेंजमा राशि की निकासी, नामत:

ए) अंशदाता या किसी बच्चे के आवश्यक यात्रा खर्च सहित उच्च शिक्षा पर आने वाले खर्च के लिये नि नलिखित मामलों में नामत: हाई स्कूल के बाद भारत के बाहर शैक्षणिक तकनीकी. पेशेवराना या वोकेशनल कोर्स के लिये, और

२) हाई स्कूल के बाद भारत में ही किसी मेडिकर, इंजीनियरिंग या अन्य तकनीकी या विशेष कोर्स बी) अंशदाता या उसके बेटों या बेटियों और उस पर निर्भर किसी अन्य महिला परिजन की सगाई या शादी पर होने वाले खर्च के लिये।

सी) अंशदाता और उसके परिजनों या वास्तविकता में उसपर निर्भर किसी व्यक्ति के यात्रा खर्च सहित, जहां आवश्यक हो, बीमारी पर होने वाला खर्च।

डी) अंशदाता की सेवा के १० वर्ष पूरे होने पर जिसमें सेवाकाल की खंड अवधि शामिल है या उसकी सेवा निवृति से पूर्व १० वर्ष के भीतर जो भी पहले हो, नि नलिखित एक या अधिक उद्देशयों के लिये निधि कोष में उसके खाते में जमा राशि से नामत:

ए) भूखंड की लागत सहित अपने आवासन हेतु तैयार उपयुक्त मकान या भवन खरीदने हेतु

बी) भूखंड की लागत सहित अपने आवासन हेतु तैयार उपयुक्त मकान या भवन खरीदने हेतु लिये गये ऋण के खाते की बकाया राशि के पुनर्भुगतान हेतु।

सी) अपने आवासन हेतू भूखंड खरीदकर उस पर भवन निर्माण के लिए या इसी उद्देश्य के लिए लिए गए ऋण के किसी भी पुनर्भुगतान के लिए

डी) अंशदाता द्वारा पूर्व में खरीदे गए किसो मकान या लैट में पुनर्निमाण कराने या अतिरिक्त निर्माण कराने या फेरबदल कराने हेतू

ई) अपने कार्यस्थल से इतर किसी स्थान पर अपने पैतृक मकान के रखरखाव, अतिरिक्त निर्माण या फेरबदल हेतू एफ) क्लॉज (सी) के अधीन खरीदे गए स्थल पर मकान बनाने हेतू

सी) अंशदाता की सेवानिवृत्ति से पूर्व छह महीने के भीतर कृषि भूमि या कारोबारी परिसर खरीदने के उद्देश्य से निधि कोष में अपने खाते में जमा राशि से

नोट :- १ जिस अंशदाता ने मकान बनाने के उद्देश्य से पीपीटी गृह निर्माण ऋण योजना के अधीन अपने लिए ऋण ले रखा है या इस संदर्भ में किसी भी सरकारी स्रोत से सहायता की स्वीकृति दी गई है तो वह इस नियमन की क्लॉज (बी) के उप-

क्लॉज (ए), (सी), (डी) और (एफ) के अधीन इसमें प्रदत्त उद्देश्यों और उपरोक्त योजना के तहत लिए गए किसी भी ऋण के पुनर्भुगतान हेतू भी के लिए अंतिम निकासी करने का पात्र होगा, ये उप-नियमन १७ के उप-नियमन (१) संबंधी प्रावधान में प्रदत्त सीमा के विषयाधीन होगा।

यदि किसी अंशदाता का पैतृक मकान है या बोर्ड से प्राप्त ऋण की मदद से उसने अपने कार्यस्थल से इतर किसी स्थान पर मकान बना रखा है तो वह क्लॉज (बी) के उप-क्लॉज (ए), (सी) और (एफ) के अधीन भूखंड खरीदने या दूसरा मकान खरीदने या अपने कार्यस्थल पर तैयार लैट खरीदने हेतू अनुदान का पात्र होगा।

नोट-२ : क्लॉज (बी) के उप-क्लॉज (ए), (डी) (ई) और (एफ) के अधीन निकासी को तभी स्वीकृति दी जाएगी जब अंशदाता ने प्रस्तावित मकान बनाने या उसमें रद्दोबदल करने, अतिरिक्त निर्माण करने के लिए वहां संबंधित इलाके की स्थानीय नगर इकाई द्वारा पारित नक्शा जमा करा दिया हो जहां मकान स्थित है और उसी सूरत में जहां नक्शा वास्तविकता में मंजूर होना हो।

नोट-३ : क्लॉज (बी) के उप-क्लॉज (बी) के अधीन स्वीकृत निकासी की राशि आवेदन करने की तिथि पर शेष राशि, जिसमें सब-क्लॉज (ए) के अधीन पूववर्ती निकासी राशि सहित, पूर्ववर्ती निकासी की राशि द्वारा काटी गई, के ३/४ से अधिक नहीं होगी। इसमें जो फार्मूला अपनाया जाएगा उसमें तिथि पर शेष राशि का ३/४, और संबंधित मकान के लिए पूर्ववर्ती निकासी/निकासियों सहित में से पूर्ववती निकासियों को निकाल दिया जाएगा।

नोट-४ : क्लॉज (बी) के उप-क्लॉज (ए) या (डी) के अधीन निकासी को उस सूरत में स्वीकृति नहीं दी जाएगी जहां भूखंड या मकान अंशदाता के पति या पत्नी के नाम हो, बशर्ते वह अंशदाता द्वारा किए बए नामांकन में भविष्य निधि कोष की राशि प्राप्त करने के लिए पहला नामांकित व्यक्ति न हो।

नोट-५ : इस नियमन के अधीन केवल एक निकासी को ही स्वीकृति होगी, लेकिन बच्चों की शादी या शिक्षा या अलग-अलग स्थितियों में बीमारी या मकान/ लैट में रद्दोबदल करने, अतिरिक्त निर्माण करने के लिए वहां संबंधित इलाके की स्थानीय नगर इकाई द्वारा पारित नया नक्शा जमा कराने के बाद जहां मकान या लैट है, जैसे कारणों को वही उद्देश्य नहीं माना जाएगा। उसी मकान को पूरा कराने हेतू क्लॉज (बी) के उप-क्लॉज (ए) या (एफ) के अधीन दूसरी या उसके बाद निकासी को नोट-३ में प्रदत्त सीमा के तहत अनुमति होगी।

नोट-६: इस नियमन के अधीन किसी निकासी को तब स्वीकृत नहीं किया जाएगा जब नियमन-१३ के अधीन किसी अग्रिम को उसी उद्देश्य व उसी समय पर स्वीकृत किया जा रहा हो।

नोट-७ : नियमन-१३ के क्लॉज (ए) के उप-क्लॉज (ए) के अधीन जिन शैक्षणिक कोर्सेस के लिए निकासी की स्वीकृति दी जा सकती है वे नियमन-१३ के नीचे प्रदत्त नोट (५) के अनुरूप वर्णित होंगे।

१) निधि कोष में उसके खाते में जमा राशि में से नियमन-१६ में वर्णित उद्देश्यों म से किसी एक या अधिक कारणों के लिए अंशदाता द्वारा किसी एक समय निकाली गई कोई राशि सामान्य रूप से उस राशि के आधे या छह महीनों के वेतन के बराबर राशि, जो कम हो, अधिक नहीं होगी। लेकिन स्वीकृति अधिकारी चाहे तो (१) निकासी के उद्देश्य का मान रखते हुए,

(२) अंशदाता का दर्जा देखते हुए और (३) उसके खाते में जमा राशि के मद्देनजर इस सीमा से अधिक यानी निधि कोष में उसके खाते की शेष राशि से ३/४ तक निकासी की स्वीकृति दे सकता है।

२) नियमन १६ के अधीन निधि कोष से राशि निकालने की स्वीकृतिप्राप्त अंशदाता को संबंधित प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त निर्धारित समयावधि के भीतर उन्हें संतुष्ट करना होगा कि राशि का इस्तेमाल उसे निकालने की उचित वजह पर ही किया गया है और यदि वह ऐसा करने में नाकाम रहता है तो पूरी राशि या निकाली गई राशि या उसमें से अधिकांश राशि- जो किसी उद्देश्य से निकाली गई है को अंशदाता द्वारा निधि कोष में एकमुश्त जमा कराएगा और ऐसा करने में असफल रहने पर एसी राशि के भुगतान हेतू स्वीकृति प्राधिकारी द्वारा उसके वेतन-भत्तों में से एकमुश्त या मासिक किश्तों में, जैसा भी चेयरमैन द्वारा निर्धारित किया गया है, वसूले जाने के आदेश पारित कर सकता है।

बशर्ते कि इस उप-नियमन के अधीन निकासी का पुनर्भुगतान प्रभावी होने से पूर्व अंशदाता को लिखित में सुनवाई का अवसर दिया जाएगा और पत्राचार के १५ दिनों के भीतर कि पुनर्भुगतान क्यों प्रभावी नहीं होगा, यदि स्वीकृति प्राधिकारी इस स्पष्टीकरण से संतुष्ट न हो या उक्त अवधि के भीतर अंशदाता द्वारा कोई जवाब नहीं दिया जाता तो स्वीकृति प्राधिकारी इस उप-नियमन में प्रदत्त ढंग से पुनर्भुगतान प्रभावी बनाएगा।

३) जिस अंशदाता को नियमन १६ के उप-नियमन (१) के उप-क्लॉज (ए), (बी) और (सी) के अधीन निधि कोष में उनके खाते में शेष राशि निकालने की स्वीकृति प्राप्त है, वह कब्जे वाला निर्मित मकान, खरीदा गया मकान या बिक्री के मार्फत खरीदा गया भूखंड चेयरमैन की पूर्वानुमति लिए बिना न तो किसी के साथ बांटेगा, न गिरवी (बोर्ड के पास गिरवी रखने के अलावा) रखेगा या न ही उपहार में देगा। उस मकान या भूखंड पर कब्जे को भी वह न तो अदला-बदली से बांटेगा या न ही चेयरमैन की पूर्वानुमति के बिना तीन साल से अधिक के पट्टे पर देगा। अंशदाता प्रत्येक वर्ष ३१ दिसंबर से पूर्व इस आशय का एक शपथ-पत्र देगा कि वह मकान या भूखंड जैसा भी मामला हो, अब भी उसके कब्जे में है या उसे गिरवी नहीं रखा गया या हस्तांतरित नहीं किया गया और आवश्यक हो तो असल सेल डीड और अन्य दस्तावेजों के साथ, जिस पर वह संपत्ति उसके नाम पर दर्ज है, के साथ निर्धारित तिथि पर या उससे पहले चेयरमैन के समक्ष उपस्थित होगा।

४) यदि उसकी सेवानिवृत्ति से पूर्व कभी भी अंशदाता चेयरमैन की पूर्वानुमति लिए बिना अपने कब्जे वाला मकान या भूखंड किसी के साथ बांटता है तो उसके द्वारा निकाली गई राशि निधि कोष में एकमुश्त लौटानी होगी और ऐसा नहों करने की सूरत में उसे स्वीकृति प्राधिकारी द्वारा उसके वेतन-भत्तों में से या तो एकमुश्त या मासिक किश्तों में, जैसा भी चेयरमैन द्वारा निर्धारित किया गया हो, वसूली के आदेश दिए जाएंगे।

नोट:

१) एक ही उद्देश्य से लिए जा रहे अग्रिम और अंतिम निकासी को एक-साथ स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए। दूसरे शब्दों में, एक व्यक्ति को विशेष उद्देश्य हेतू या तो अग्रिम या अंतिम निकासी की अनुमति नियमन-१६ में वर्णित शर्तों के विषयाधीन दी जानी चाहिए। तदनंतर, जो अग्रिम अंतिम निकासी में परिवर्तित किया जा चुका है को नियमन-१६ के अधीन अंतिम निकासी माना जाना चाहिए यानी यदि किसी व्यक्ति को नियमन-१८ के अधीन अंतित निकासी में परिवर्तित अग्रिम

प्राप्त हुआ है तो उसे नियमन-१६ के अधीन उसी उद्देश्य के लिए कोई अन्य अंतिम निकासी की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यही सिद्धांत नियमन-१३ (बी) के अधीन अग्रिम पर भी लागू होगा।

२) अंशदाता को सगाई और शादी-ब्याह दोनों अवसरों पर अंतिम निकासी की अनुमति होगी। प्रत्येक अवसर को इन नियमनों के नियमन-१७ (१) के उद्देश्य से अलहदा माना जाएगा। यही सिद्धांत नियमन-१३ (१) की क्लॉज (सी) के अधीन शादी-ब्याह के लिए अग्रिम पर भी लागू होगी।

३) अंशदाता को किसी भी स्थान पर गृह निर्माण के लिए दूसरी बार निकासी की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए यदि उसे उसी उद्देश्य से उसी स्थान या किसी अन्य स्थान के लिए अंतिम निकासी की अनुमति दे दी जा चुकी है। दूसरे शब्दों में एक से अधिक मकानों के लिए अंतिम निकासी की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

४) अंशदाता के खाते में जमा राशि के ९० फीसदी तक अंतिम निकासी को चेयरमैन द्वारा स्वीकृति दी जाएगी।

१८ अग्रिम को निकासी में बदलना:

नियमन-१६ के उप-नियमन (१) में वर्णित किसी भी उद्देश्य हेतू नियमन-१३ के अधीन यदि कोई अंशदाता पहले ही निकासी कर चुका है या भविष्य में करेगा तो वह नियमन १६ और १७ में प्रदत्त शर्तों को पूरा करते हुए प्रत्येक में शेष राशि की अंतिम निकासी के लिए ऐसा अपने विवेकाधीन तरीके से स्वीकृति प्राधिकारी के जरिये लेखा प्राधिकारी को लिखित में आग्रह कर सकता है।

नोट:

१) अग्रिम को निकासी में परिवर्तित करते समय नियमन १७ (१) में सीमाओं हेतू आवेदन के उद्देश्य के लिए खाते में शेष राशि की गणना का तरीका नि नलिखित होगा :

१) नियमन-१८ के अधीन किसी अग्रिम को अंतिम निकासी में परिवर्तित करने के लिए नियमन-१७ (१) के उद्देश्य के लिए शेष राशि का दावा अंशदाता के खाते मे शेष को राशि अंशदान और उस पर बनते ब्याज के साथ-साथ अग्रिम की बकाया राशि के रूप में लिया जाना चाहिए।

२) दूसरे वांछित अग्रिम को अंशदाता की अंतिम निकासी में बदलने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, बशर्ते कि ऐसी वांछित राशि नियमन-१७ में वर्णित सीमा से अधिक न हो। ऐसे मामले में जहां अलग-अलग मौकों पर एक ही उद्देश्य हेतू एक से अधिक अग्रिमों को निजी तौर पर व अलहदा अंतिम निकासी में परिवर्तित करने की अनुमति है, इसके लिए स्वीकृति प्राधिकारी जो ऐसे आवेदन को लेखा प्राधिकारी को प्रेषित कर रहा है, को चाहिए कि वह उसमें बता दे कि आज तक कितनी कुल राशि को परिवर्तित किया जाना है।

१९ निधि कोष में वेतन की अंतिम निकासी :

१) जब कोई अंशदाता नौकरी छोड़ता है तो निधि कोष में उसके खाते में रखी राशि उसे देय बन जाएगी।

बशर्ते कि यदि कोई अंशदाता सेवा से मुअत्तल कर दिया गया है और तदनंतर बोर्ड की इच्छा से सेवा में बहाल हो गया ह तो नियमन के अनुरूप निधि कोष से उसे प्रदत्त राशि और नियमन १२ में उपलब्ध दर से उस पर देय ब्याज का वह नियमन २०

में प्रदत्त प्रावधान के मुताबिक तरीके से उसका पुनर्भुगतान करता है। इस तरह चुकाई गई राशि को निधि कोष में उसके खाते में जमा कर दिया जाएगा।

स्पष्टीकरण–१

जिस अंशदाता को प्रदत्त अवकाश से इनकार कर दिया गया है उसे जबरन सेवानिवृत्ति की तिथि या सेवा विस्तार पूरा होने की तिथि पर सेवा से मुक्त माना जाएगा।

स्पष्टीकरण–२

